प्रेषक,

सुरेश कुमार पाण्डेय,
विशेष सचिव
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

पुलिस महानिदेशक/महानिरीक्षक,
कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-2 लखनऊ दिनांक 17 मई, 2023

विषय:- केन्द्रीय कारागार, आगरा में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी पप्पू पुत्र श्री मटरूमल, निवासी जनपद-फिरोजाबाद की फार्म-ए के आधार पर समयपूर्व रिहाई के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक वरिष्ठ अधीक्षक (मु0) के पत्र संख्या-21667/प्रोवेशन-3-फार्म-ए/(एम-07.06.2022) दिनांक-04.07.2022 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें।

2- उक्त पत्र द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्तावानुसार केन्द्रीय कारागार, आगरा में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी पप्पू पुत्र श्री मटरूमल, ग्राम जरौली कलां, थाना-टून्डला, जनपद-फिरोजाबाद का निवासी है। वादिनी के पति रंजीत के सावित्री की पुत्री रूमा से अवैध सम्बन्ध होने की रंजिश में दिनांक 19.06.2006 को बन्दी ने अपने 02 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर तमन्चों से गोली मारकर महराज सिंह नामक व्यक्ति की हत्या कर दी। उक्त अपराध हेतु बन्दी को सत्र परीक्षण संख्या-578, 578बी/2006 में भा0द0वि0 की धारा-302/34 व 25ए0 के अन्तर्गत मा0 न्यायालय, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, एफ0टी0सी0-03, फिरोजाबाद के आदेश दिनांक 31.03.2010 द्वारा आजीवन कारावास से दण्डित किया गया। बन्दी द्वारा दिनांक 02.05.2022 तक 15 वर्ष, 10 माह 04 दिन की अपरिहार सजा तथा 18 वर्ष, 04 दिन की सपरिहार सजा भोगी गयी है। जिला मजिस्ट्रेट, फिरोजाबाद की अध्यक्षता में सम्पन्न जिला स्तरीय समिति की बैठक दिनांक 30.06.2021 में जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा बन्दी की समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नही की गयी है तथा मा0 उच्चतम् न्यायालय द्वारा निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं की आख्या में बंदी का अपराध विशेष अपराध की श्रेणी में होने, पुन: हत्या जैसा अपराध किये जाने की प्रबल सम्भावना होने, जेल में और आगे निरूद्ध रखने का सार्थक प्रयोजन होने का अंकन करते हुए जिला मजिस्ट्रेट, फिरोजाबाद द्वारा समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है।

3- प्रोबेशन बोर्ड का अभिमत है कि वादिनी के पति रंजीत के सावित्री की पुत्री रूमा से अवैध सम्बन्ध होने की रंजिश में दिनांक 19.06.2006 को बन्दी ने अपने 02 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर तमन्चों से गोली मारकर महराज सिंह नामक व्यक्ति की हत्या करने का जघन्य अपराध किया गया है। इस तरह के अपराधियों की समयपूर्व रिहाई से समाज में न्यायिक प्रणाली के बारे में विपरीत संदेश जायेगा। बंदी के पुन: अपराध करने में सशक्त होने, जेल में निरूद्ध रखने का सार्थक प्रयोजन होने का अंकन जनपदीय अधिकारियों द्वारा निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं की आख्या में किया गया है। इस प्रकार बंदी द्वारा किये गये अपराध की गम्भीरता एवं जघन्यता, जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट मथुरा द्वारा समिति व निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं की आख्या में समयपूर्व रिहाई का विरोध किये जाने के दृष्टिगत प्रिजनर्स रिलीज आन प्रोवेशन एक्ट-1938 की धारा-2 के अन्तर्गत सिद्धदोष बन्दी पप्पू पुत्र श्री मटरूमल को फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर रिहा किये जाने की संस्तुति नहीं की गयी है।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

4- उपरोक्त वर्णित तथ्यों के परिप्रेक्ष्य में मुझे यह सूचित करने का निदेश हुआ है केन्द्रीय कारागार, आगरा में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी पप्पू (बन्दी संख्या-16097) पुत्र श्री मटरूमल के फार्म-ए पर यू0पी0 प्रिजनर्स रिलीज आन प्रोबेशन एक्ट,1938 की धारा-2 के प्राविधानों के अन्तर्गत सम्यक् विचारोपरान्त उसे मुक्ति का पात्र नहीं पाया गया है। अतएव उक्त बन्दी की लाइसेन्स पर मुक्ति राज्यपाल महोदया द्वारा अस्वीकार कर दी गयी है। तदनुसार उसके फार्म/ए-लाईसेंस पर शासन के आदेश अंकित करके एतद्द्वारा वापस लौटाया जा रहा है। कृपया प्राप्ति स्वीकार करते हुए शासन के निर्णय से बन्दी को तत्काल अवगत कराने का कष्ट करें।

संलग्नक: यथोपरि।

(बन्दी का फार्म-ए एवं समस्त पत्रादि सहित)

भवदीय,
सुरेश कुमार पाण्डेय
विशेष सचिव।

संख्या-233/2023/1782(1)/22-2-2022 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- जिला मजिस्ट्रेट, फिरोजाबाद।
2- वरिष्ठ अधीक्षक, केन्द्रीय कारागार, आगरा।
3- निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग, उ0प्र0 शासन को मा0 मंत्री जी के सूचनार्थ।
4- निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री, कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग, उ0प्र0 शासन को मा0 मंत्री जी के सूचनार्थ।
5- कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-3, उत्तर प्रदेश शासन।
6- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
कृष्ण कुमार सिंह
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

शासनादेश संख्या-233/2023/1782/22-2-2022-17(1700)/2022

दिनांक 17 मई, 2023 का संलग्नक

सरकार के आदेश

केन्द्रीय कारागार, आगरा में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी पप्पू पुत्र श्री मटरूमल, ग्राम जरौली कलां, थाना-टून्डला, जनपद-फिरोजाबाद का निवासी है। वादिनी के पति रंजीत के सावित्री की पुत्री रूमा से अवैध सम्बन्ध होने की रंजिश में दिनांक 19.06.2006 को बन्दी ने अपने 02 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर तमन्चों से गोली मारकर महराज सिंह नामक व्यक्ति की हत्या कर दी। उक्त अपराध हेतु बन्दी को सत्र परीक्षण संख्या-578, 578बी/2006, में भा0द0वि0 की धारा-302/34 व 25ए0 के अन्तर्गत मा0 न्यायालय, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, एफ0टी0सी0-03, फिरोजाबाद के आदेश दिनांक 31.03.2010 द्वारा आजीवन कारावास से दण्डित किया गया। बन्दी द्वारा दिनांक 02.05.2022 तक 15 वर्ष, 10 माह 04 दिन की अपरिहार सजा तथा 18 वर्ष, 04 दिन की सपरिहार सजा भोगी गयी है। जिला मजिस्ट्रेट, फिरोजाबाद की अध्यक्षता में सम्पन्न जिला स्तरीय समिति की बैठक दिनांक 30.06.2021 में जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा बन्दी की समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नही की गयी है तथा मा0 उच्चतम् न्यायालय द्वारा निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं की आख्या में बंदी का अपराध विशेष अपराध की श्रेणी में होने, पुन: हत्या जैसा अपराध किये जाने की प्रबल सम्भावना होने, जेल में और आगे निरूद्ध रखने का सार्थक प्रयोजन होने का अंकन करते हुए जिला मजिस्ट्रेट, फिरोजाबाद द्वारा समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है।

प्रोबेशन बोर्ड का अभिमत है कि वादिनी के पति रंजीत के सावित्री की पुत्री रूमा से अवैध सम्बन्ध होने की रंजिश में दिनांक 19.06.2006 को बन्दी ने अपने 02 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर तमन्चों से गोली मारकर महराज सिंह नामक व्यक्ति की हत्या करने का जघन्य अपराध किया गया है। इस तरह के अपराधियों की समयपूर्व रिहाई से समाज में न्यायिक प्रणाली के बारे में विपरीत संदेश जायेगा। बंदी के पुन: अपराध करने में सशक्त होने, जेल में निरूद्ध रखने का सार्थक प्रयोजन होने का अंकन जनपदीय अधिकारियों द्वारा निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं की आख्या में किया गया है। इस प्रकार बंदी द्वारा किये गये अपराध की गम्भीरता एवं जघन्यता, जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट मथुरा द्वारा समिति व निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं की आख्या में समयपूर्व रिहाई का विरोध किये जाने के दृष्टिगत प्रिजनर्स रिलीज आन प्रोवेशन एक्ट-1938 की धारा-2 के अन्तर्गत सिद्धदोष बन्दी पप्पू पुत्र श्री मटरूमल को फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर रिहा किये जाने की संस्तुति नहीं की गयी है।

उक्त के दृष्टिगत सम्यक् विचारोपरान्त राज्यपाल महोदया द्वारा बंदी की फार्म-ए के आधार पर समयपूर्व रिहाई अस्वीकार कर दी गयी है।

सुरेश कुमार पाण्डेय
विशेष सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।